# Panchkula

ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਆਵਾਜ਼
ਅਜੀਤ
ਦੁਨੀਆ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਧ ਪੜ੍ਹਿਆ ਜਾਣ ਵਾਲਾ ਪੰਜਾਬੀ ਅਖ਼ਬਾਰ
मंगलवार, 30 जून, 2026




मानव श्रृंखला का एक दृश्य।

# विश्व रिकॉर्ड के लिए 15 हजार छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

पंचकूला, 26 जून (सुरेंदर): अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमियों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक अनूठी पहल की। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में फैले इन स्कूलों के बच्चों ने एक साथ मिलकर एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। लंदन के 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराने की तैयारीअभियान के तहत प्रातः 8 बजे सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्कूल परिसर में एकत्र होकर 'वी आर ड्रग फ्री' (हम नशामुक्त हैं) शब्दों की एक विशाल मानव आकृति बनाई। इसके साथ ही बच्चों ने जीवनभर नशे से दूर रहने का संकल्प भी दोहराया। इस अनूठी गतिविधि को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन' में दर्ज कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिला पंचकूला की अकाल अकादमी डाकरा साहिब के 185 विद्यार्थियों ने भी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशामुक्त समाज के लिए अकाल अकादमी प्रतिबद्ध अकाल अकादमी डाकरा साहिब की प्रधानाचार्या मनदीप कौर ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसरों को पूरी तरह नशामुक्त बनाए रखने के लिए सालभर जागरूकता कार्यक्रम, मूल्य-आधारित शिक्षा और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं।

दैनिक भास्कर पंचकूला भास्कर 27-06-2026

# 15 हजार स्टूडेंट्स ने बनाई वी आर ड्रग फ्री की मानव आकृति, नशे के खिलाफ हुंकार

## नशा निषेध दिवस पर 5 राज्यों के 121 अकाल अकादमी स्कूलों में आयोजन

भास्कर न्यूज | पंचकूला

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट की ओर से संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ एक अनूठी और विशाल मुहिम की शुरुआत की है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में फैले इन स्कूलों के बच्चों ने एक साथ मिलकर नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। सुबह ठीक 8:00 बजे सभी स्कूलों के छात्र




अपने-अपने परिसर में एकत्र हुए और एकजुट होकर 'वी आर ड्रग फ्री' (हम नशामुक्त हैं) शब्दों की एक विशाल मानव आकृति (ह्यूमन चेन) बनाई। इस महा-अभियान में जिला पंचकूला के अकाल अकादमी डाकरा साहिब के 185 विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव आकृति का हिस्सा बनकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या मनदीप कौर ने कहा कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता को दर्शाती है। द कलगीधर ट्रस्ट (बड़ू साहिब) अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।